सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र – 2024–2025

कक्षा :– तीन	विषय – हिन्दी	पाठ – 1 (प्यारा भारत)

शब्दार्थ :–

न्यारा	–	अनोखा, सबसे अलग
मुकुट	–	ताज
चरण	–	पैर
पवित्र	–	शुद्ध, स्वच्छ
अन्न	–	अनाज
रत्न	–	कीमती पदार्थ
अंतर्यामी	–	मन की बात जानने वाला
नामी	–	प्रसिद्ध जिसका नाम हो
सदैव	–	हमेशा
विधि	–	ढंग
सुयश	–	सुकीर्ति

लघुत्तरीय प्रश्न :–

प्रश्न – 1 समुंदर भारत का कौन–सा काम करता है?

उत्तर – समुंदर भारत के चरणों को धोने का काम करता है।

प्रश्न – 2 हिमालय को भारत का क्या कहा गया है?

उत्तर – हिमालय को भारत का मुकुट कहा गया है।

प्रश्न – 3 भारत माता के सभी पुत्र कैसे है?

उत्तर – भारत माता के सभी पुत्र नामी (प्रसिद्ध) है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :–

प्रश्न – 1 कविता में किन महान लोगों की चर्चा हुई है?

उत्तर – राम और कृष्ण जैसे महान लोगों की चर्चा हुई है।

प्रश्न – 2 गंगा और यमुना नदियाँ संसार को क्या बनाती है?

उत्तर – गंगा और यमुना नदियाँ संसार को पवित्र बनाती है।

प्रश्न – 3 'तेरे सभी पुत्र हैं नामी' से आप क्या समझते हैं?

उत्तर – तेरे सभी पुत्र हैं नामी का अर्थ है, भारत माता के सभी पुत्रों का जग में नाम है।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क. सदैव – हमेशा

वाक्य – हमें सदैव अच्छी वाणी का प्रयोग करना चाहिए।

ख. पवित्र – शुद्ध, स्वच्छ

वाक्य – भारत में गंगा और यमुना जैसे पवित्र नदियाँ बहती है।

ग. विधि – ढंग

वाक्य – हर कार्य को करने की विधि अलग होती है।

घ. न्यारा – अनोखा, सबसे अलग

वाक्य – भारत सबसे न्यारा देश है।